C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 184 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. मंगलवार, 14 जनवरी 2025

गेम चेंजर मंडे टेस्ट में पूरी तरह...पेज-3 पर

## आज करीब साढ़े नौ घंटे तक चलेगा अखाड़ों का अमृत स्नान

**प्रयागराज**
एजेंसी



पौष पूर्णिमा पर शुरू हुए महाकुंभ 2025 में आज पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) चल रहा है। मकर संक्रांति के पर्व पर कई अखाड़ों के नागा साधुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगा ली है, महाकुंभ के अमृत स्नान में सबसे पहले महानिर्वाणी के नागा साधुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

संगम तट पर अमृत स्नान का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। हर-हर महादेव, जय श्रीराम के जयघोष करते हुए श्रद्धालु भी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। %स्नान% क्षेत्र की ओर जाने वाले अखाड़ा मार्ग पर कड़ी सुरक्षा है। पुलिस, पीएसी, अखाड़ों के साथ घुड़सवार पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

बता दें कि अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के संतों एवं नागाओं के स्नान का समय तय है। सबसे पहले महानिर्वाणी एवं अटल अखाड़े के संतों ने स्नान किया। शिविर से इस अखाड़े के संतों ने सुबह करीब सवा पांच बजे प्रस्थान किया। संगम पर सवा छह बजे पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अमृत स्नान किया। इनके बाद निरंजनी एवं आनंद अखाड़ा के संतों ने 7.05 बजे स्नान किया। इसी क्रम में जूना, आवाहन एवं पंच अग्नि अखाड़ा के संतों ने एक साथ सुबह आठ बजे स्नान किया। अमृत स्नान को जाते समय नागा संन्यासियों की चरण रज लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात से ही अखाड़ा मार्ग पर डेरा डाल दिया। यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कई दफा उनको हटाया लेकिन, कुछ देर बाद दोबारा श्रद्धालु वहां आ जाते। देर रात तक हजारों श्रद्धालु अखाड़ा मार्ग पर डेरा डाले दिखाई दिए। मध्य प्रदेश के निवाड़ी से आए राजकुमार, उनकी पत्नी उर्मिला समेत परिजनों का कहना है कई साल बाद यह मौका मिलता है। वह यह चरण रज लेकर अपने गांव जाएंगे।

मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को अखाड़ों का अमृत स्नान करीब साढ़े नौ घंटे तक चलेगा। शिविर से निकलने और वापस आने में 12 घंटे से भी अधिक समय लगेगा। अखड़ों के निकलने वाले रास्ते के दोनों तरफ भारी पुलिस बल तैनात है।

## News कॉर्नर

### उत्तरकाशी से हरिद्वार तक स्नान को उमड़े श्रद्धालु



**हरिद्वसार।** उत्तराखंड में भी मकर संक्रांति के पावन पर्व स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। उत्तरकाशी से लेकर हरिद्वार तक स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। काशी नगरी में स्नान कर पुण्य अर्जित करने के लिए तड़के से ही गंगा यमुना के संगम तट गंगनानी कुंड में श्रद्धालु उमड़े। ढोल-नगाड़ों की आवाज और मां गंगा के जयकारों से पूरी काशी नगरी गुंजायमान हो रही। वहीं, हरिद्वार में भी तड़के से हरिद्वार ब्रह्मकुंड में स्नान करने को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, देव डोलियों ने भी स्नान किया। कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी पड़ी और हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा भागीरथी में डुबकी लगाकर पुण्य का लाभ कमाया। पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरों से की निगरानी में है।

### अल्मोड़ा में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत, एक घायल

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में देर रात एक कार 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

अल्मोड़ा में देर रात एक कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार कार काफलीगैर बागेश्वर रोड की तरफ से जमराड़ी बैंड कि तरफ आ रही थी, नौगांव पीपली के पास कार 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

### सेलाकुई में विशाल जनसभा आयोजित

## दो इंजन काम कर रहे हैं, अब तीसरा भी जोड़ दीजिए: धामी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

सीएम ने कहा कि जैसे विधायक मुन्ना सिंह चौहान को विधानसभा भेजकर लोगों ने विकासनगर में पुराना मिथक तोड़ा था। ऐसे ही भाजपा प्रत्याशियों को भी जीत का आशीर्वाद देना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेलाकुई में आयोजित जनसभा में कहा, चुनाव आचार संहिता के कारण वह घोषणा नहीं करेंगे, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। कहा, यहां कूड़ाघर प्रमुख समस्या है, जिसका हल निकाला जाएगा। कहा, देश और प्रदेश में दो इंजन काम कर रहे हैं, अब निकाय का तीसरा इंजन भी इसमें जोड़ दीजिए। हरबर्टपुर में लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, जैसे विधायक मुन्ना सिंह चौहान को विधानसभा भेज कर लोगों ने विकासनगर में पुराना मिथक तोड़ा था। ऐसे ही भाजपा प्रत्याशियों को भी जीत का आशीर्वाद देना है। सोमवार को सेलाकुई के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा कॉम्प्लेक्स में सीएम ने भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भगत सिंह राठौर के समर्थन में जनसभा की। कहा, कांग्रेस ने सदैव तुष्टीकरण की राजनीति की है। क्षेत्र की कुछ चुनौतियां और समस्याएं हैं। वह उन्हें भली भांति समझते हैं।



कहा, विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने सरकारी के कामों को आगे बढ़ाया। हर चुनाव में भाजपा को जिताया। विधायक ने आपसे किए सभी वादे पूरे किए। कहा, पालिकाध्यक्ष पद पर नीरू देवी को आशीर्वाद देना है। कहा, भाजपा ने उत्तराखंड में सबसे पहले यूसीसी कानून को लागू कर बाबा भीमराव आंबेडकर के सपने का पूरा किया। कहा, सरकार ने प्रदेश में दंगा रोधी कानून लागू किया। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले दंगाइयों से अब पाई-पाई वसूल की जाएगी। कहा, सतत विकास में देश में उत्तराखंड नंबर एक पर रहा। हमने प्रदेश में 33 फीसदी राजस्व को बढ़ाया। पेपर लीक मामले में दोषियों को जेल भेजा और एक मजबूत नकल विरोध कानून भी बनाया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, चुनाव प्रभारी रविंद्र वाल्मीकि, लक्ष्मी अग्रवाल, मंजू नेगी, वीरता गुरुंग, चुनाव प्रभारी विनोद सुयाल, विनोद कश्यप, राहुल शर्मा, संतोष रावत, दिनेश कौशिक, आकाश मुलतानी, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी में सौरभ भट्ट ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का थामा दामन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

हृदयेश व कांग्रेस परिवार ने बहुत दिया प्यार, मैं गलत बस में सवार सवार हो गया था, अब सही बस में हुआ हूं सवार ! यह पंक्तियाँ किसी कवि सम्मेलन में किसी कवि ने नहीं बल्कि काग्रेस छोड़कर आज मंगलवार को भाजपा में घर वापसी करने वाले सौरभ भट्ट ने भाजपा पार्टी कार्यालय में ज्वाइनिंग कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

दिवंगत व पूर्व में नेता प्रतिपक्ष रही डॉ इंदिरा हृदयेश प्रतिनिधि रहे सौरभ भट्ट ने मंगलवार को 'घर वापसी' कर ली और कांग्रेस का साथ छोड़कर बीजेपी में वापस आ गए। बता दें कि विगत वर्ष नेता प्रतिपक्ष के कार्यों से प्रभावित होकर और भाजपा की नीतियों से नाराज होने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन उन्हें पार्टी बदलने का कोई खास फायदा नहीं हुआ। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ इंदिरा हृदयेश का निधन हो गया था, तब से सौरभ कांग्रेस का झंडा उठाए हल्द्वानी से मेयर के टिकट की चाहत पाले नेताओं के साथ कदम ताल कर रहे थे। कांग्रेस ने आंदोलनकारी ललित जोशी को टिकट दिया तो कई नेताओं के मंसूबों में पानी फिर गया और नेता अपनी जमीन तलाशने लगे। आज नाटकीय ढंग से सौरभ भट्ट ने भाकपा के नैनीताल-उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट, मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड कृषि मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल डब्बू, प्रदीप बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, दीपक पांडेय व अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में घर वापसी करते हुए पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सौरभ के इस निर्णय से कांग्रेस को कितना नुकसान होता है यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन जिस तरह निकाय चुनाव में दल बदल की राजनीति ने अपनी पैठ बना ली है, इसे राजनीतिक जानकार लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं मान रहे हैं। यह घटना उस समय घटित हुई है जब कुछ दिन पूर्व कांग्रेस के प्रदेश स्तर के तीन नेताओं ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था।



## सीएम आतिशी पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं। इसी बीच पुलिस ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं आम आदमी पार्टी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाने में आम आदमी पार्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि आम आदमी पार्टी फर्जी फोटो लगाकर प्रचार कर रही है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित की है। वहीं गोविंद पुरी में मुख्यमंत्री आतिशि पर सरकारी वाहन के चुनाव में इस्तेमाल करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। सीएम आतिशी पर एफआईआर दर्ज होने पर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि इनके नेता खुलेआम पैसा बांटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन आदि बांटते हैं। फर्जी वोट बनवाते हैं। फिर भी एक एफआईआर तक दर्ज नहीं होती है। लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ तुरंत एफआईआर हो जाती है। आम आदमी पार्टी पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही है। इस सड़े गले सिस्टम को जनता के साथ मिलकर बदलना है। मिलकर साफ करना है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों उसी सड़े गले सिस्टम का हिस्सा हैं।

## पिता की पहली बरसी पर कार पलटने से भाई-बहन की मौत


**हल्द्वानी/लालकुआं**
संवाददाता

बरेली हाफिजगंज में मंगलवार सुबह हुए कार हादसे में भड़सर निवासी मुन्ने बख्श और उनकी बहन की मौत हो गई। आज ही मुन्ने के पिता की पहली बरसी है। इस हादसे से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

उत्तराखंड के हल्द्वानी से बरेली लौट रहे गांव भंडसर निवासी लोगों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसा मंगलवार तड़के करीब चार बजे हाफिजगंज में सेंथल मार्ग पर कर्बला के निकट हुआ। हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई। कार चालक समेत चार लोग घायल हुए हैं। हादसे का कारण कार चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। मंगलवार को मृतकों के पिता की पहली बरसी थी। इस हादसे से उनके परिवार पर दुखों पर पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव भंडसर निवासी मुन्ने बख्श (30 वर्ष) की बड़ी बहन हल्द्वानी में रहती है। उसने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। उसे देखने के लिए मुन्ने, अपने भाई बन्ने बख्श, भाभी सीमा, मेहंदी हसन के साथ कार से गए थे। कार गांव का ही युनुस चला रहा था। एक साल पहले मुन्ने के पिता बाबू बख्श की मौत हो गई थी। मंगलवार को उनकी बरसी थी। पिता की बरसी पर घर जल्दी आने के लिए ये लोग रात करीब तीन बजे हल्द्वानी से चल दिए। वहां से मुन्ने की छोटी बहन मुस्कीन भी मायके आने के लिए कार में सवार हो गई। उसकी ससुराल लालकुआं में है। हाफिजगंज में सेंथल मार्ग पर कर्बला के निकट इनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में मुन्ने और उनकी बहन मुस्कीन (40 वर्ष) की मौत हो गई। मेहंदी हसन, बन्ने, सीमा और कार चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया। मुस्कीन का शव उसके ससुराल वाले लालकुआं ले गए। मुन्ने का निकाह दो साल पहले हुआ था। उसके बच्चे नहीं हैं। वहीं मुस्कीन के पांच बच्चे हैं। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिस तारीख पर पिता की मौत हुई, उसी तारीख पर बेटी-बेटी की मौत होने से गांववाले भी स्तब्ध हैं।



# नैनीताल में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को हुई बर्फबारी के बाद अचानक ठंड में इजाफा हो गया है बावजूद इसके देश के विभिन्न शहरों से नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने सोमवार को नगर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाकर जमी बर्फ का आनंद लिया। पर्यटकों की भीड़-भाड़ से दिन भर नगर में काफी चहल पहल देखने को मिली।

बता दें नगर में सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ था लेकिन दोपहर बाद बादल छाने से ठंड में इजाफा हो गया,दोपहर से लेकर शाम तक मौसम का मिजाज बदलता रहा,इस दौरान बारी-बारी से धूप छाँव का खेल चलता रहा।

दूसरी ओर बर्फबारी के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आमद में एकाएक इजाफा हो गया है काफी संख्या में पर्यटक सोमवार को भी नैनीताल पहुंचे और नगर के किलबरी,पंगूट तथा हिमालय दर्शन समेत अन्य ऊंचाई वाले स्थानों में जाकर उन्होंने वहां पर रविवार से जमी हुई बर्फबारी का आनंद लिया इसके साथ ही पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही केव गार्डन,हिमालयदर्शन,चिड़ियाघर,स्नोव्यू,किलबरी,पंगूट,हनुमानगढ़ी,बारापत्थर,सरिताताल समेत वुडलैंड वाटर फाल में जाकर खूब मौज मस्ती की। इस बीच नगर में पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या की वजह से माल रोड समेत बर्फबारी वाले स्थलों को जाने वाले मोटर मार्गो में दिनभर जाम लगा रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अमित कुमार सिंह के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 17 तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## NEWS / फटाफट

### 15 लोगों ने 25 यूनिट रक्तदान किया




**नैनीताल ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से सोमवार को राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में युवा दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 लोगों ने 25 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान जिला विद्यार्थी प्रमुख भावेश सिंह सौंटियाल समेत जिला व्यवस्था प्रमुख सर्वप्रिय कंसल, सौम्या कंसल, नगर कार्यवाह उमेश समेत नगर सह कार्यवाह भरत भट्ट के अलावा डीएसबी परिसर के युवा प्राध्यापक डा. मोहित सिंह रौतेला, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट के साथ ही तनिष्क मेहरा, पार्थ शाह और जीवंती भट्ट आदि ने रक्तदान किया।

### वांछित को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**नैनीताल।** धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहें एक आरोपी को तल्लीताल पुलिस ने रामनगर से गिरफ्तार किया। सोमवार को कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें गूलरघट्टी रोड भवानीगंज रामनगर निवासी आसिफ सैफी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में आइपीसी की धारा 420 व 409 के तहत मुकदमा दर्ज था। कोर्ट से कई बार सम्मन जारी होने के बाद भी आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। रविवार की शाम तल्लीताल थाने एएसआई सुनील कुमार ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ उसको रामनगर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।


### सौन्दर्यीकरण को महात्मा गांधी की प्रतिमा नैनीताल लाए



**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल चौराहे के सौन्दर्यीकरण के लिए महात्मा गांधी की प्रतिमा उनके चरखे के साथ नैनीताल आ चुकी है। हरियाणा से नैनीताल पहुंची इस प्रतिमा को डांठ चौराहे पर स्थापित कर दी गई है। कार्य पूरा होने के बाद उद्घाटन समारोह में प्रतिमा की पैकिंग निकाली जाएगी। बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल डांठ चौराहे पर गांधी की नई प्रतिमा को लगाने को लेकर कई बार लोगों ने विरोध जताया था लेकिन कड़े विरोध के बाद सोमवार की दोपहर महात्मा गांधी व उनका चरखा नैनीताल पहुंच चुका है। गांधी की प्रतिमा को लोनिवि की ओर से तल्लीताल चौराहे में स्थापित कर दिया है। इस दौरान प्रतिमा को देखने के लिए डांठ चौराहे पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जी.एस. जनोटी ने बताया कि मैटल से बनी प्रतिमा हरियाणा से मंगाई गई है जिसको उसके स्थान पर स्थापित क दिया है लेकिन कार्य पूरा होने कर बाद ही प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, तब तक प्रतिमा पैक रहेगी।

### शक्तिफार्म में पुलिस और पीएसी ने निकाला फ्लैग मार्च

**शक्तिफार्म।** निकाय चुनाव के मद्देनजर सितारगंज कोतवाली, शक्तिफार्म पुलिस चौकी, सरकड़ा और सिडकुल चौकी के पुलिसकर्मियों ने पीएसी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। सुभाष चौक से कुशमोठ तिराहे तक निकाले मार्च में टीम ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता पालन करने की अपील की। वहां प्रभारी कोतवाल प्रकाश दानू, एसएसआई विक्रम सिंह धामी, एसआई प्रकाश भट्ट, सुरेंद्र बोरा, दीपक कौशिक, सुरेंद्र बिष्ट, कुंदन सिंह, भरत कुमार थे।



# दो दिन बाद रुकी बर्फबारी माणा गांव तक हाईवे बंद

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

प्रदेश के पर्वतीश क्षेत्रों दो दिनों तक हुई बर्फबारी के बाद सोमवार को मौसम सामान्य हो गया। चटख धूप खिलने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। ताजी बर्फबारी के कारण बदरीनाथ हाईवे बदरीनाथ धाम से आगे माणा गांव तक बंद हो गया है। ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुला है लेकिन बर्फ पर वाहनों के टायर फिसल रहे हैं। औली सड़क पर भी सात किमी से आगे बर्फ होने से वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की ओर से सड़क पर बिछी बर्फ पिघलाने के लिए जगह-जगह नमक का छिड़काव किया गया। वहीं औली में हुई बर्फबारी जहां पर्यटन व्यवसायियों को सौगात लेकर आई है वहीं सड़क पर बर्फ से पर्यटकों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। औली सड़क पर बर्फ के ऊपर पाला जमने के कारण वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं।

# शैक्षिक सत्र से ट्यूशन शुल्क में वृद्धि की अनुमति का निर्णय रद्द

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा है कि राज्य के निजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में शैक्षिक सत्र 2017-18 व 2018-19 के दौरान प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं से सत्र 2019 में बढाई गई फीस नहीं ली जा सकती है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने अपीलीय प्राधिकरण के सत्र 2017-18 शैक्षिक सत्र से ट्यूशन शुल्क में वृद्धि की अनुमति देने के निर्णय को रद्द कर दिया है।

यह प्रावधान किया गया है कि नियामक समिति की 4 अप्रैल 2019 को हुई बैठक में जो शुल्क निर्धारण किया गया वह शैक्षिक सत्र 2019-20 से लागू होगा। हाईकोर्ट ने संबंधित आयुर्वेदिक कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ताओं को एनओसी जारी करें और विश्वविद्यालय एनओसी मिलते ही तत्काल याचिकाकर्ताओं के शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। इन याचिकाओं की सुनवाई वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में पिछले हफ्ते हुई थी। मामले के अनुसार दून इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सहसपुर देहरादून के बीएएमएस के छात्र शिवम तिवारी तथा विंध्या खत्री सहित अन्य कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने शुल्क नियामक आयोग के 4 अप्रैल 2019 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें कहा गया कि वे 2017-18 बैच के छात्र-छात्राएं हैं । याचिकाओं में कहा है कि जब उन्होंने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लिया तब ट्यूशन फीस रु 80500 प्रति वर्ष तय थी लेकिन नियामक आयोग ने अप्रैल 2019 में यह फीस 2.15 लाख रुपये प्रति वर्ष तय कर इसे शैक्षिक सत्र 2017-18 लागू करने की अनुमति दे दी जो कि गलत है । इस आयोग में रिटायर्ड जज व रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सदस्य होते हैं। हाईकोर्ट के इस आदेश से निजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में वर्ष 2017-18 व 2018-19 के दौरान प्रवेश लिए छात्र छात्राओं को इन दो वर्षों का बढ़ा हुआ शुल्क नहीं देना होगा । ये शुल्क जमा न होने से इन छात्र छात्राओं को सम्बंधित कॉलेजों द्वारा नो ड्यूज नहीं दिया गया था जिस कारण उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र भी नहीं दिए गए नतीजन अब तक ये छात्र इंटर्नशिप भी नहीं कर पा रहे थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 140 से अधिक लोगों ने नेत्र परीक्षण व नि:शुल्क दवा वितरण का लाभ लिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज परिसर में सोमवार को हंस फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 140 से अधिक लोगों के नेत्र परीक्षण समेत नि:शुल्क दवा तथा चश्मा वितरण के साथ ही मोतियाबिंद आपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया साथ ही परामर्श भी दिया गया।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रोबिन ने कहा कि मरीजों को आंखों की सुरक्षा और सेहत पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है और दिक्कत होने पर चिकित्सकीय सलाह और उपचार लेना चाहिए। परियोजना समन्वयक देवेंद्र पासवान तथा सुरेश जिनोटी ने फ उंडेशन के कार्यों की जानकारी देते बताया कि शीघ्र ही अन्य शिविरों का भी ग्रामीण इलाकों में आयोजन किया जाएगा जबकि फ उंडेशन ग्रामीण इलाकों में प्रत्येक माह दो बार सचल चिकित्सा वाहन से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहा है।

डॉ0 रोबीन के साथ टैक्निशियन प्रदीप रावत, तरूण यादव, हंस समन्वयक देवेन्द्र पासवान,डॉ सुनील कुमार,एपीओ सुरेश भारती तथा सुरेश जिनोटी,सीमा,प्रियंका, प्रीति रावत तथा फ र्मासिस्ट प्रकाश सिंह,दिलबाग सिंह आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर पूर्व प्रधान रामदत्त समेत निवर्तमान प्रधान शशि चनियाल सहित उपस्थित कई ग्रामीणों ने हंस फ उंडेशन की स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के लिए लाभकारी बताते प्रशंसा की।

# छह दिवसीय कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सोमवार से नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में शुरू हो गया है।

बता दें कि कार्यक्रम में कश्मीर राज्य के 6 जनपदों क्रमशः कुपवाड़ा, श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, बड़गांव तथा बारामुला से 20-20 युवा एवं दो-दो ग्रुप लीडर समेत कुल 125 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं । सोमवार को मुख्य अतिथि सांसद (नैनीताल-ऊधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र) अजय भट्ट द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर भट्ट द्वारा युवाओं को संबोधन करते हुए कहा कि मैं स्वयं रक्षा राज्य मंत्री रहते हुए साउथ कश्मीर कुपवाड़ा गया हूं और मुझे एक दूसरे को जानने का मौका मिला है। कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को देवभूमि उत्तराखंड और कश्मीर की संस्कृति को जानने का मौका मिल रहा है कहा कि कश्मीरी युवाओं ने जो अपनी संस्कृति के जीत गए हैं मुझे वह बहुत




अच्छा लगा कश्मीर हमारा मुकुट है और पूरा भारत हमारा शरीर है। कार्यक्रम में जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय द्वारा युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा कश्मीरी युवाओं को मुख्य धारा से जोडने का यह एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम की आयोजक नेहरू युवा केंद्र नैनीताल की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए 6 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा सांसद भट्ट के समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने सभी का स्वागत करते हुए अपनी विधानसभा में नेहरु युवा केंद्र के द्वारा कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजन करने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में भावना मेहरा समेत कई आमंत्रित जन मौजूद रहे। इससे पूर्व युक्ति मंडल बेतालघाट की टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी गई। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार सिंह, दिवाकर भाटी, योगेश कुमार एवं हरगोविंद सिंह मेहरा और प्रवेश सिंह ,अजय कोहली तथा संजय सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और दिवाकर भाटी जिला युवा अधिकारी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। संचालन नवीन चंद पांडे ने किया।

# अभिमत

## पर्यावरण के सहयोगी

*उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से कूड़ा बीनने वालों के बच्चों की शिक्षा तथा उनके उत्थान की योजनाओं के बारे में रिपोर्ट मांगी है, क्योंकि कूड़ा बीनने वालों के बच्चे भी यही काम करते हैं, यह चिंताजनक है। कूड़ा बीनने वालों को हीन भावना से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि ये लोग पर्यावरण संरक्षण के सहयोगी हैं। अशिक्षित के साथ ही उच्च शिक्षित वर्ग पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाली सामग्री सार्वजनिक स्थान पर फेंक देते हैं। कूड़ा बीनने वाले उस सामग्री को उठाकर कबाड़ी को बेच देते हैं। कबाड़ी फैक्ट्री तक पहुंचाते हैं और उद्योग उन्हें कच्चे माल के तौर पर इस्तेमाल कर नया उत्पाद तैयार करते हैं।*

महानगर से लेकर कस्बों तक कूड़ा बीनने वाले दिखाई देते हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग, पुरुष और महिला कूड़े को रोजगार समझकर जीवनयापन कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कूड़ा बीनने वाले लोगों और उनके बच्चों के कल्याण के लिए प्लान बनाकर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। सर्वे के अनुसार प्रदेश में सैकड़ों की संख्या में कूड़ा बीनने वाले हैं, इनमें से बहुत से लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से कूड़ा बीनने वालों के बच्चों की शिक्षा तथा उनके उत्थान की योजनाओं के बारे में रिपोर्ट मांगी है, क्योंकि कूड़ा बीनने वालों के बच्चे भी यही काम करते हैं, यह चिंताजनक है। कूड़ा बीनने वालों को हीन भावना से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि ये लोग पर्यावरण संरक्षण के सहयोगी हैं। अशिक्षित के साथ ही उच्च शिक्षित वर्ग पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाली सामग्री सार्वजनिक स्थान पर फेंक देते हैं। कूड़ा बीनने वाले उस सामग्री को उठाकर कबाड़ी को बेच देते हैं। कबाड़ी फैक्ट्री तक पहुंचाते हैं और उद्योग उन्हें कच्चे माल के तौर पर इस्तेमाल कर नया उत्पाद तैयार करते हैं। पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक का टूटा सामान कूड़ा बीनने वाले कबाड़ी तक पहुंचाते हैं। प्लास्टिक वर्तमान में पर्यावरण को सबसे अधिक हानि पहुंचा रही है। प्लास्टिक सड़ती नहीं है। नाले और सीवर बंद होने का कारण प्लास्टिक तथा पॉलिथिन है। नहर और बारिश के पानी के साथ बहकर खेतों में पहुंची प्लास्टिक तथा पॉलिथिन से भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है। शहर तथा गांव के बहुत से लोग कूड़ा जलाकर सफाई का प्रयास करते हैं। सफाई जरूर होती है, लेकिन वायु प्रदूषण होता है। शहरों में कूड़ा बीनने वालों की बस्तियां सरकारी जमीन पर अवैध रूप से विकसित हुई हैं। अवैध बस्तियों का विस्तार होता जा रहा है। कूड़ा बीनने वालों की बस्तियों में बीमारियों का खतरा बना रहता है। कूड़ा बीनने वालों के बच्चों को सामाजिक संस्थाएं कपड़े बांटने का काम करती हैं। एनजीओ चिकित्सा शिविर लगाते हैं। इनके बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश में कूड़ा लगातार बढ़ रहा है। कचरा निस्तारण संयंत्र महानगरों में स्थापित किये गये हैं। छोटे शहरों और कस्बों में कूड़ा जलाकर प्रदूषण बढ़ाया जा रहा है। कूड़ा बीनने वालों की संख्या कम करने के लिए इनके बच्चों को शिक्षित करके अन्य कार्य में लगाने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ी कूड़ा बीनने में अपना भविष्य न देखे।

# देश के मानचित्र में होगा हल्द्वानी सबसे सुंदरः गजराज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लगातार तेज हो रहे नगर निगम चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज सिविल न्यायालय परिसर एवं उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कार्यरत अधिवक्ताओं से मुलाकात कर आम जनता के हितों की रक्षा एवं सुशासन के लिए भाजपा का मेयर चुनकर न्यायप्रिय फैसला करने को कहा । नुक्कड़ सभाओं में कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए गजराज बिष्ट ने कहा देश को आजादी दिलाने की बात करने वाली पार्टी नगर निगम के चुनाव में समाजवादी पार्टी का सहारा लेकर खुद ही अपनी जड़ों को काटने का काम कर रही है ।

न्यायालय परिसर में अधिवक्ता साथियों एवं कर्मचारियों से जन संपर्क कर उनका समर्थन मांगने से शुरू हुए आज के प्रचार अभियान में भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने छड़ायल वार्ड 43 में विशाल जन सभा ,समरथ गार्डन वार्ड 41, दुर्गेश कॉलोनी वार्ड 48, एवं हिमालय फार्म वार्ड 20 में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की । भारी संख्या में मौजूद स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए गजराज सिंह बिष्ट ने कहा नगर निगम क्षेत्र में



हुए विकास कार्यों की बदौलत दस वर्ष पूर्व एवं वर्तमान हल्द्वानी शहर में जमीन आसमान का अंतर हुआ है , इसका श्रेय हल्द्वानी की जनता को जाता है जिसने लगातार दो बार नगर निगम में भाजपा का मेयर चुना । हल्द्वानी को देश के मानचित्र में सबसे सुंदर सबसे सुरक्षित एवं सबसे स्वच्छ स्थापित करने के लिए लगातार तीसरी बार आपसे भाजपा का मेयर चुनने की प्रार्थना करता हूँ । उन्होंने नगर निगम बोर्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरलीकरण , समाधान , निस्तारण और संकल्प - संतुष्टि के मंत्र पर कार्य करते हुए ईमानदार ,भ्रष्टाचार मुक्त , सुशासन देने का वचन स्थानीय जनता को दिया ।

छड़ायल जनसभा में गजराज बिष्ट ने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा देश को आजादी दिलाने की बात करने वाली पार्टी के द्वारा समाजवादी पार्टी का सहारा लेकर कांग्रेस की साख पर बट्टा लगाने का काम किया है । आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस सरकारों को देश की जनता लगातार हर चुनाव में सिरे से नकार रहीं है । आगामी 23 जनवरी को हल्द्वानी नगर निगम चुनाव में हल्द्वानी की जनता कांग्रेस पार्टी को उसकी जन विरोधी , विकास विरोधी ,राष्ट विरोधी , हरकतों के लिए तीसरी बार सबक सिखाएगी।

वार्ड 41 समरथ गार्डन में क्षेत्र के समस्त पूर्व सैनिकों ने भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट को अपना समर्थन देते हुए विशाल बैठक आयोजित की , जिसमें लगभग हजार की संख्या में पूर्व सैनिक पहुंचे थे । देश की सरहदों की रक्षा कर हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रह रहे पूर्व सैनिकों को उनकी देश सेवा के समर्पण का सम्मान उनके क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करके देने की बात भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने कही ।

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़ ,प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट , निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला , दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , चन्दन बिष्ट प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत , सुरेश तिवारी , महेश शर्मा , रेनू अधिकारी , मनोहर मिश्रा , सुरेश शर्मा , कैप्टन सोबन सिंह भड़, गोविंद बरती , कर्नल जगत सिंह जीना ,ले. कर्नल बी एस रौतेला , कप्तान पुष्कर सिंह बोरा , कैप्टन लक्ष्मण सिंह देउपा, समेत भारी संख्या में पूर्व सैनिक स्थानीय जनता मौजूद रही ।

## श्रद्धालुओं के लिए खुले आदिबदरी मंदिर के कपाट

**देहरादून।** आदिबदरी मंदिर के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में सुबह चार बजे खुले, जबकि श्रद्धालुओं ने सुबह छह बजे से दर्शन शुरू किए। आदिबदरी मंदिर के कपाट आज मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही मंदिर में शीतकालीन दर्शन शुरू हो गए हैं। इस अवसर पर आदिबदरी मंदिर परिसर के साथ ही नगर के सभी मंदिरों और बाजार को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी चक्रधर थपलियाल ने बताया कि कपाट ब्रह्ममुहूर्त में सुबह चार बजे खोले गए। जबकि श्रद्धालुओं को सुबह छह बजे से दर्शन शुरू किए। साथ ही मंदिर में वेद ऋचाओं के स्वरों के साथ कड़कड़ाती ठंड में भी माहौल भक्तिमय हो गया। बता दें कि कपाट उदघाटन की शुभ बेला पर और भगवान आदिबदरी के माघ मास के पहले श्रृंगार के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में लोग आदिबदरी मंदिर पहुचंते है।

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को प्रसारित करने के लिए किया मैराथन का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद को सभी को प्रेरित करने और उनकी शिक्षाओं को प्रसारित करने के लिए मैराथन का आयोजन किया।

परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मोहित पंत तथा कुविवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट के मुताबिक तीन वर्गों में आयोजित दौड़ के छात्राओं के वर्ग में मीनाक्षी फर्त्याल ने पहला, बबीता बिष्ट ने दूसरा तथा अंकिता गढिया ने तीसरा जबकि यती ने चौथा व प्रीति ने पाचवा स्थान हासिल किया।

बालकों के वर्ग में राघवेंद्र सिंह बिष्ट पहले, कृष्णा बिष्ट दूसरे जबकि



गोकुल सिंह बगड़वाल तीसरे स्थान पर रहे। इसी क्रम में बच्चों की दौड़ में अंकित बिष्ट पहले, कु णाल प्रताप सिंह कार्की दूसरे, योगेश आर्या तीसरे, हर्षित कुंवर चौथे तथा शिवम पांचवें स्थान पर रहे। बाद में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरुस्कृत किया। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड का मकसद न केवल शारीरिक फि टनेस को बढ़ावा देना बल्कि स्वामी विवेकानंद जी के संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए को भी हम अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा देना था।

# फिल्मी दुनिया

## गेम चेंजर मंडे टेस्ट में पूरी तरह फेल




*फिल्म गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस पर अपने सोमवार के कलेक्शन में पूरी तरह से फेल साबित हुई। फिल्म ने उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं सकी है। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। हालांकि, कुछ ही फिल्म दर्शकों के दिलों में खास जगह बना सकी हैं। हाल ही में रिलीज हुई गेम चेंजर का हाल पहले सप्ताहांत में बेहाल हो गया। वहीं, फतेह भी टिकट खिड़की पर पानी नहीं मांग सकी। वहीं, पिछले साल रिलीज हुई दो फिल्में, पुष्पा 2 और मुफासा द लायन किंग इस साल भी कमाल दिखा रही हैं। आइए जानते हैं कि सोमवार को किस फिल्म ने कितने रुपये का कारोबार किया। राम चरण की गेम चेंजर पर निर्माताओं ने पानी की तरह पैसा बहाया था। फिल्म के चार गानों पर 75 करोड़ रुपये तक खर्च कर डाले थे। इसके अलावा रिलीज से पहले फिल्म की काफी ज्यादा हवा बनाई गई। हालांकि, यह सब कुछ फिल्म को फायदा नहीं पहुंचा सका। करीब 450 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म की पहले दिन की कमाई संतोषजनक नहीं रही। इसके बाद से ही फिल्म पर फ्लॉप होने का खतरा मंडराने लगा। अब चार दिनों की कमाई के बाद फिल्म का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। %गेम चेंजर के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जबकि इसे कम से कम 90 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना चाहिए था। वहीं, दूसरे दिन इसकी कमाई घटकर 21.6 करोड़ रुपये ही रह गई। तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 15.9 करोड़ रुपये रहा। ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह फिल्म मंडे टेस्ट में भी फेल रही है।*

### फतेह को बॉक्स ऑफिस पर शिकस्त का सामना करना पड़ा

*सोनू सूद की फिल्म फतेह को बॉक्स ऑफिस पर शिकस्त का सामना करना पड़ा है। यह फिल्म दर्शकों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई है। पहले दिन से ही यह फिल्म धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। सोमवार को तो फिल्म का हाल और भी बुरा रहा। चौथे दिन इस फिल्म ने 85 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई सात करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।*

# 402 मतदान केन्द्रों के अलावा अतिरिक्त 98 किट सामग्री के बनाए

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि जनपद में 402 मतदान केन्द्रों हेतु किट में सामग्री सूची वार संकलित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 402 मतदान केन्द्रों के अलावा अतिरिक्त 98 किट सामग्री के बनाये गये हैं। उन्होंने कहा इस हेतु शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया किटों की कमी ना हो इसलिए अतिरिक्त किट सामग्री के बनाये गये हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्विवेदी ने बताया कि नागर निकाय में नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में महिला वोटर 118931 एवं पुरूष वोटर 123540 तथा अन्य 16 हैं। इसी प्रकार नगर पालिका नैनीताल में महिला वोटर 12514, पुरूष 13114 तथा अन्य 1, नगर पालिका रामनगर में महिला 21897, पुरूष 23250 तथा अन्य 16, नगर पालिका भवाली में महिला 2965, पुरूष 3022 तथा अन्य 1, नगर पालिका भीमताल में महिला वोटर 4871, महिला 5242 तथा अन्य शून्य, नगर पालिका कालाढूगी मे महिला 4298, पुरूष 4470 तथा अन्य 02 तथा नगर पंचायत लालकुआं में महिला वोटर 2608, पुरूष वोटर 3066 तथा अन्य शून्य हैं।

नोडल अधिकारी प्रोटोकॉल प्रेक्षक ऋचा सिंह ने बताया कि नागर निकायों चुनाव 2024 को सुचारू रूप से सम्पन्न किये जाने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षकों की तैनाती कर दी है। उन्होंने बताया रोहित श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त आडिट, राज्य कर रूद्रपुर को नगर पालिका रामनगर,नैनीताल,भवाली,भीमताल एवं नगर पालिका कालाढूंगी का व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है तथा नरेन्द्र सिंह वित नियंत्रक उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय देहरादून को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम एवं नगर पंचायत लालकुआं का व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है।

## News कॉर्नर

### रुद्रपुर में चाकू से गोदकर फैक्टरी कर्मी की हत्या

**रुद्रपुर।** सिडकुल की फैक्टरी में काम करने वाले युवक को चाकू से गोदकर लहूलुहान कर दिया दिया गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी युवक को डायल 112 वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रुद्रपुर में सिडकुल की फैक्टरी में काम करने वाले युवक को चाकू से गोदकर लहूलुहान कर दिया दिया गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी युवक को डायल 112 वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने कमरे से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। सोमवार की शाम ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र पर स्थित वन शक्ति मंदिर के पास राहगीरों ने एक युवक को सड़क किनारे लहूलुहान देखा। वहां पर उसकी बाइक के साथ मोबाइल भी पड़ा हुआ था। सूचना पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और जख्मी युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अंकित पुरी (20) निवासी बफरी बुजुर्ग बरेली और हाल निवासी वार्ड नंबर एक फुलसुंगी के रूप में हुई।

### 166 पव्वे अवैध शराब सहित दो आरोपियों की गिरफ्तारी

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 166 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 96 पव्वे अंगूर मसालेदार देशी शराब और 70 पव्वे गुलाब माल्टा शराब बरामद हुए हैं। चौकी राजपुरा के एसआई आनंद बल्लभ जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजपुरा क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी राहुल आर्या को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से दो गत्ते की पेटियों में 96 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह हल्द्वानी से शराब कम दामों में खरीद कर उसे अधिक दामों पर बेचने की योजना बना रहा था।

# शहर में बदलाव के लिए आपका एक वोट जरूरी: ललित जोशी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने ब्यूराखाम क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करते हुए विकास का वादा किया।

ललित जोशी ने कहा कि नगर निगम से जुड़े होने के बावजूद कई वार्ड आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सड़कों की हालत खस्ता है और विकास कार्य अधूरे हैं।

उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप सभी का प्यार और आशीर्वाद मिला तो मेरी प्राथमिकता इन वार्डों में विकास कार्यों को गति देना होगी। हमने उत्तराखंड राज्य के लिए



संघर्ष किया, लेकिन आज हमारे युवा बेरोजगार हैं। नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और पेयजल की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

ललित जोशी ने स्थानीय युवाओं के रोजगार पर जोर देते हुए कहा, आज बाहरी ठेकेदार हमारे क्षेत्र में काम कर रहे हैं। क्या हमारे युवा यह काम नहीं कर सकते? उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।

इसके लिए 23 तारीख को कांग्रेस के हाथ के निशान पर मोहर लगाकर मुझे नगर निगम भेजें।

जनसंपर्क के दौरान जनता ने उन्हें अपार प्रेम, समर्थन और आशीर्वाद दिया, जिससे उनका हौसला और बढ़ा। ललित जोशी ने कहा कि जनता का एक वोट बदलाव की दिशा तय करेगा और हल्द्वानी को बेहतर और प्रगतिशील शहर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

इसके बाद उन्होंने लोहड़ी पर्व के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और वहां भी जनता से संवाद करते हुए कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की।

इस अभियान में हल्द्वानी के विधायक सुमित, ज़िला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, जगमोहन चिलवाल, सतीश नैनवाल, मयंक भट्ट, हेम पांडे, संजय सिंह बिष्ट, हिमांशु जोशी, योगेश जोशी, जगमोहन बगड़वाल, कैलाश शाह, विशाल भोजक, लाल सिंह पवार और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# उत्तरायणी पर्व पर भव्य शोभायात्रा संस्कृति को संजीवनी देने का प्रयास

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पर्वतीय संस्कृत उत्थान मंच द्वारा आयोजित वार्षिक उत्तरायणी मेला में आज शोभायात्रा का भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा का शुभारम्भ संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि उत्तरायणी मेला और घुघुतिया त्यार हमारे पर्वतीय समाज की पहचान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस मेले का आयोजन हर साल इसलिए किया जाता है, ताकि पर्वतीय समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जा सके और आगामी पीढ़ियों के लिए इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोया जा सके। अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तरायणी पर्व पर पर्वतीय समाज के सभी सदस्यों को एक जुट होकर मेले में भागीदारी करनी चाहिए, ताकि अपनी सांस्कृतिक पहचान को उजागर किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि मेले में दूर-दूर से आई स्वयं सहायता समूह की



महिलाएं अपने उत्पादों के साथ उपस्थित हैं। अतः समाज के लोगों को मेले में पहुंचकर उनके सामान की खरीदारी करने की आवश्यकता है, ताकि ये महिलाएं प्रेरित हो सकें और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इस मौके पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं दीं। यह मेला न केवल सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। इस मेले में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प उत्पाद, पारंपरिक खाद्य सामग्री, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो स्थानीय लोगों एवं पर्यटन को भी आकर्षित करेगा। शोभायात्रा कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड, तिकोनिया, रेल्वे बाजार, बाजार क्षेत्र होते हुये वापस उत्थान मंच जाकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में कई सामाजिक संगठनों द्वारा झांकी निकाल कर सामाजिक सन्देश दिया और पर्वतीय संगीत से पुरा माहौल उत्तराखंड की संस्कृति से सराबोर हो गया। इस मोके पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, आय व्यय निरीक्षक कैलाश जोशी, बीडी पाठक, गिरीश जोशी, गोपाल जोशी, मेला संयोजक हेम भट्ट, चंद्रशेखर परगाई, खेल संयोजक लक्ष्मण सिंह मेहरा, ललित बिष्ट,भगवान सिंह चुफाल, धरम सिंह बिष्ट, शोभा बिष्ट, ललित प्रसाद, एनबी गुणवंत, निर्मला जोशी, विमला संगुड़ी, मंजू दानू, तरुण नेगी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सेना के जवान के घर चोरों का धावा लाखों के जेवरात समेत नगदी चुराई

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी के भगवानपुर बसुन्धरा क्षेत्र में एक भारतीय सेना के जवान के घर से लाखों रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। भारतीय सेना के जवान अशोक कुमार ने इस संबंध में थाना मुखानी में तहरीर दी है।

प्रार्थी के अनुसार, वह 6 जनवरी 2025 को अपने परिवार के साथ बुआ के घर जन्मदिन समारोह में सम्मिलित होने गए थे। जब रात करीब 12 बजे वे अपने घर लौटे, तो पाया कि उनके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर में रखी लोहे की अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था, जिसमें से सोने की अंगूठियां, चाँदी के आभूषण और नगद पैसे चोरी हो गए थे। चोरी हुए सामान में दो एक तोले की सोने की अंगूठियां, लगभग 300 ग्राम चाँदी के पांजेब, बिच्छू, कड़े और 10,000 रुपये नगद शामिल हैं। इसके अलवा, प्रार्थी का सेना का पहचान पत्र भी चोरी हो गया है। इस घटना से प्रार्थी और उनका परिवार बेहद परेशान है। प्रार्थी ने घटना की सूचना 112 सेवा में भी दी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरी हुए माल की बरामदगी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हजरत शेर अली बाबा का उर्स शुरू

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित हजरत शेर अली शाह बाबा के उर्स मुबारक का आयोजन 14 जनवरी से 18 जनवरी तक धूमधाम से किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुरानख्वानी, परचम कुशाई, हफील-ए-सिमा और कुल शरीफ जैसे प्रमुख आयोजनों शामिल हैं। उर्स में हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शेख मुहम्मद आज़म कादर शहर इमाम हल्द्वानी खास रूप से मौजूद रहेंगे। 17 जनवरी को महफील-ए-सिमा कार्यक्रम का आयोजन होगा जबकि 18 जनवरी की सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ होगा जिसके बाद उर्स का समापन होगा। उर्स के दौरान लंगर-ए-आम का आयोजन 16 और 17 जनवरी को किया जाएगा।

# ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कोहरे का येलो अलर्ट

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आज प्रदेश के मैदानी इलाकों में घना कोहरा छा सकता है। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

दो दिन बाद सोमवार को मौसम साफ हुआ तो तापमान में इजाफा देखने को मिला। रविवार को बारिश-बर्फबारी के चलते दून का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया था। सोमवार को यह तापमान तीन डिग्री इजाफे के साथ 22.3 डिग्री रहा। इसके चलते ठंड से राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज प्रदेश के मैदानी इलाकों में घना कोहरा छा सकता है। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कोहरे का येलो

**अलर्ट**

● हल्की धूप से हुई दिन की शुरुआत, ठंड से मिली राहत

अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार को छोड़ अन्य सभी जिलों में मौसम साफ रहेगा।

बर्फबारी के बाद सोमवार को मौसम सामान्य हो गया। चटख धूप खिलने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। ताजी बर्फबारी के कारण बदरीनाथ हाईवे बदरीनाथ धाम से आगे माणा गांव तक बंद हो गया है। ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुला है लेकिन बर्फ पर वाहनों के टायर फिसल रहे हैं। औली सड़क पर भी सात किमी से आगे बर्फ होने से वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं।



## हिमांशु ने जीता चैलेंजर कप का फाइनल

**अल्मोड़ा।** नगर के जगाती बिलियर्ड्स में आयोजित चैलेंजर कप का फाइनल हिमांशु कुमार ने जीता जबकि विपुल पवार उपविजेता रहे। विजेता और उपविजेता को ट्राफी और नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष और एडवोकेट हरीश मनराल ने विजेता हिमांशु कुमार को 7500 रुपये नकद और ट्रॉफी, उपविजेता विपुल पवार को 5500 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# गांधी पार्क के पास आपसी विवाद में चली गोली, ठेली वाले को लगी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बीती रात मुख्य बाजार क्षेत्र गांधी पार्क के पास आपसी विवाद में चली गोली ठेली वाले को लग गई। गोली उसके जांघ में लगी।

घटना के दौरान मौके पर एकत्रित लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सोमवार रम्पुरा निवासी अरुण गांधी पार्क के पास ठेली लगाता है और शाम को अरुण का किसी अन्य से आपसी विवाद हो गया और गोली चल गई।

**हड़कंप**

● लोगों ने आरोपी की पिटारी की, मौके पर पहुंची सीपीयू ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

गोली अरुण की जांघ में लगी। बताया जा रहा है कि गोली की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर सीपीयू इंचार्ज दिनेश उप्रेती पहुंचे। सीपीयू ने आरोपी को मय तमंचा समेत पकड़ लिया। आरोपी को मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया।

एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर मुख्य बाजार क्षेत्र में गोली चलने से हड़कंप मच गया।

# समाज में जहर घोलने वाले के लिए जगह सलाखों के पीछे: एसएसपी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान च ला या जा रहा है। इसी अभियान के तहत चौकी सुल्तानपुर पट्टी प्रभारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग कर कई जगहों पर चलती मिली भट्टियां तहस नहस कर लाहन को नष्ट किया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक एसएसपी ने जनपद के सभी प्रभारीयों को नशे पर सख्त कार्रवाई किए जाने को निर्देशित किया। अवैध कच्ची शराब का निर्माण या बिक्री का। ऐसे लोगों के



खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र महुवाडाली के जंगल में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक को अवैध शराब की भट्टी की खाई-बाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। 5000 लीटर लहन नष्ट करते हुए 135 लीटर कच्ची शराबखाम बरामद की। उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-कुलदीप सिह पुत्र बख्शीश सिह निवासी मुहवाडाली, बाजपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

1-एक रबड की ट्यूब के अन्दर 60 लीटर कच्ची शराबखाम

2-एक रबड की ट्यूब के अन्दर 60 लीटर कच्ची शराबखाम

3-एक प्लास्टिक के डिब्बे के अंदर 15 लीटर कच्ची शराबखाम

4- शराब कसीदगी के उपकरण

पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सुल्तानपुर पट्टी संदीप शर्मा,एसआई धीरेन्द्र परिहार,सीपी सचिन कुमार,रणवीर सिह, नीरज कुमार,जनरैल सिह,अर्जुन नगन्याल आदि शामिल रहे।